तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 14 सितंबर 2025

4 सामुदायिक मध्यस्थता से अब ग्राम स्तर पर ही सुलझेंगे आपसी विवाद





## खबर संक्षेप

### प्राचार्य व सीएसपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रायगढ़।** शहर के नटवर स्कूल के प्राचार्य पर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि वे लगातार सनातन संस्कृति और हिंदू आस्थाओं का अपमान कर रहे हैं। शुक्रवार को इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और कड़ी कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी नगर मंत्री शिवम मिश्रा ने बताया कि स्कूल के प्राचार्य ने छात्रों को धार्मिक प्रतीक पहनने से मना किया। इतना ही नहीं, 'जय श्रीराम' बोलने पर एक छात्र से मारपीट तक की गई। परिषद का कहना है कि विद्यालय परिसर से देवी-देवताओं का बैनर हटाया जाना भी हिंदू समाज की आस्था पर सीधा प्रहार है। परिषद ने आरोप लगाया कि मामले को गंभीरता से लेने के बजाय प्रशासन टालमटोल कर रहा है। शिवम मिश्रा का कहना है कि जब इस मुद्दे की जानकारी सीएसपी मयंक मिश्रा को दी गई, तो उन्होंने परिषद कार्यकर्ताओं को कार्यालय बुलाकर गाली-गलौज की और धमकाने की कोशिश की। एबीवीपी ने यह भी बताया कि बीते सोमवार को जब संगठन ने विरोध-प्रदर्शन किया, तो उल्टा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई। संगठन का आरोप है कि दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय छात्रों और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। परिषद ने कलेक्टर से मांग की है कि नटवर स्कूल के प्राचार्य और सीएसपी मयंक मिश्रा दोनों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर को तुरंत वापस लिया जाए।

# चरित्र शंका और पुरानी रंजिश बनी हत्या की वजह, पिता और बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ पुलिस ने खरसिया ठुसेकेला में पति-पत्नी सहित दो बच्चों की निर्मम हत्याकांड का महज़ 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। चरित्र शंका और पुरानी रंजिश हत्या की वजह बनी है। पुलिस ने लकेश्वर पटैल व उसके नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। 11 सितंबर को ग्राम ठुसेकेला राजीव नगर में बुधराम उरांव (42) उसकी पत्नी सहोद्रा (37), बेटा अरविंद (12) और शिवांगी (5) के शव बाड़ी में खाद के गड्ढे से बरामद हुए। अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार



से उनकी हत्या कर दी थी। जांच टीम को पड़ोसी लकेश्वर पटैल पर संदेह हुआ। साक्ष्य मिलने पर पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि राजमिस्त्री का काम करता है, उसका पडोसी बुधराम उराँव भी राजमिस्त्री का करता है जो अपने परिवार के साथ रहता था। दोनो के बीच पिछले कुछ समय से कई कारणों से झगड़ा विवाद हुआ था। आरोपी ने बताया कि वह पड़ोसी बुधराम के बाडी जमीन को खरीदना चाहता था जिसे कई बार बुधराम से मांगा, बुधराम ने जमीन बेचने से इंकार किया था, करीब 6 माह पूर्व लकेश्वर के लड़के ने बुधराम के घर में घुसकर चोरी किया था जिसे आपस मे सुलझा लिये थे। बुधराम लकेश्वर की पत्नी से बात करता तो उसे उस पर शक होता था। इसके अलावा कुछ साल पहले ठुसेकेला में शराब गाड़ी पलटने से 5 पेटी शराब को बुधराम और लकेश्वर घर लेकर आए थे, जिसे बुधराम अकेला पी गया था, इन सभी बातों को लेकर लकेश्वर पटैल बुधराम से रंजिश रखे हुआ था।

## आम जनता की परेशानियों से किसी को नहीं कोई वास्ता, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

# बोंदाटिकरा से मेडिकल कॉलेज मार्ग जानलेवा अनगिनत गड्ढों में आए दिन हो रहे हैं हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोंदाटिकरा पुल से मेडिकल कॉलेज जाने वाला मार्ग पिछले कई सालों से जानलेवा बना हुआ है। यहां सड़क तो नजर ही नहीं आती बल्कि अनगिनत गड्ढों में रोजाना हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी आम जनता की परेशानियों से किसी को कोई वास्ता नहीं है। जिम्मेदार भी इस ओर सुध लेने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं।

दरअसल एसईसीएल से अतरमुड़ा और बोंदाटिकरा से मेडिकल कॉलेज तक की सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। नगर निगम क्षेत्र में होने के बावजूद यहां के लोग सालों से विकास की बाट जोह रहे हैं। उनकी सिर्फ एक ही मांग है कि उन्हें आने जाने के लिए एक अदद सड़क ही मिल जाए, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। यहां सड़क ही नहीं जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। हालात इतने खराब हैं कि इस पर चलना लोगों के लिए रोज़ाना जान जोखिम में डालना पड़ता है। कई बार इस मार्ग में दुपिहया सवार गिर कर घायल हो चुके हैं। कुछ दिन पहले ही



विद्या विकास स्कूल के ठीक सामने गड्ढों से भरे सड़क में बाइक सवार युवक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल जाने पर पता चला कि उसका एक पैर टूट चुका है। ऐसे कई मामले हैं, जिसमें लोग इस मार्ग में दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। खास बात यह है कि यह मार्ग मेडिकल कॉलेज, स्कूल और कई गांवों से सीधे जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद जर्जर सड़क के जीर्णोद्धार को लेकर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिध, विधायक या नेता कोई पहल नहीं कर रहे हैं।

> यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत आती है, इस बारे में मैं ज्यादा कुछ नहीं बोल सकता। हालांकि बरसात खत्म होने को है तो कुछ माह में इसका निर्माण हो सकता है।
>
> **बृजेश सिंह क्षत्रिय**
> कमिश्नर, नगर निगम।

### मरीजों की हालत हो रही है खराब

यह सड़क रायगढ़ मेडिकल कॉलेज तक पहुंचने के लिए प्रमुख मार्ग है। अतरमुड़ा के अलावा एनएच किनारे बसे दर्जनों गावों के लोग मेडिकल कॉलेज जाने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों मरीज मेडिकल कॉलेज पहुंचते हैं, लेकिन गड्ढों के झटके मरीजों को काफी तकलीफ होती है, खासकर गर्भवती माताओं को और भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### रात में छा जाता है अंधेरा

यह सड़क केवल शहरी इलाकों को नहीं, बल्कि गढ़उमरिया, बोंदाटिकरा, और आसपास के अन्य गांवों को भी जोड़ती है। गांव से आने-जाने वाले लोग और छोटे किसान रोज़ इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। सड़क की दुर्दशा के कारण उन्हें अतिरिक्त समय और खर्च झेलना पड़ रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि रात के समय इस मार्ग में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। वहीं सुनसान क्षेत्र होने से असामाजिक तत्वों का भी इस मार्ग में डेरा लगा रहता है।

### बच्चों को स्कूल तक पहुंचाना जंग जीतने के बराबर

दरअसल इस मार्ग में विद्या विकास और संस्कार पब्लिक जैसे स्कूल भी पड़ते हैं। शहर के लोगों के लिए इन स्कूलों तक पहुंचने के लिए यही एक आसान रास्ता है, क्योंकि यह शॉर्टकर्ट मार्ग है। कुछ अभिभावकों ने बताया कि सड़क की हालत खराब होने से उन्हें कबीर चौक से ओडिशा मार्ग होते हुए एनएच 49 में प्रवेश करना पड़ता है, इसके बाद कुछ किमी जाने के बाद फिर इस रास्ते में वापस आना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं जब जल्दबाजी होती तो वो इन्हीं मार्गों से अपने बच्चों को स्कूल तक पहुंचाते और लाते हैं, लेकिन उनके लिए यह मार्ग काफी जोखिम भरा रहता है। जब वो घर पहुंचते हैं तो उन्हें लगता है जैसे कोई जंग जीत कर आए हों। बरसात के मौसम में हालात और बिगड़ जाते हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क दिखाई नहीं देती और वाहन चालक फिसलकर गिर जाते हैं।

### युवती की लूटी आबरू, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर दो साल तक युवती की अस्मत लूटने वाले पार्षद पुत्र के खिलाफ कोतरारोड पुलिस जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 37 सोनुमुड़ा के पार्षद रमेश द्वितीया के पुत्र अतिश चौहान की लगभग 4 साल पहले फेसबुक पर शहर की एक युवती के साथ परिचय हुआ था। अतिश ने स्वयं को तमनार के कसडोल में रेलवे साईडिंग में काम करने की बात कहते हुए उससे जान पहचान बढ़ाई। वहीं पहचान बढने पर उसने फेसबुक मैंसेजर से कॉल करके युवती के सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा था, चूंकि युवती भी उसे पसंद करने लगी थी लिहाजा उसने भी अपनी रजामंदी दे दी। इसी बीच वर्ष 2023 के फरवरी माह में अतिश ने उसके घर के पास रोड मे उससे मुलाकात की और फिर उनके बीच मिलने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं एक दिन अतिश ने युवती को अपने दोस्त के घर घुमा कर लाने की बात कहते हुए बाईक से कोकड़ीतराई स्थित एक सूने मकान मे ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद लगातार कई बार वह पीडिता की अस्मत के साथ खिलवाड़ करता रहा। वहीं पीडिता जब भी शादी करने की बात कहती तो वह टाल मटोल कर देता था। वहीं कुछ दिन पहने पीड़िता के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया था।



## खबर संक्षेप

### पत्रकार से दुर्व्यवहार व धमकी से आक्रोश व तनाव

**राउरकेला।** राउरकेला सेक्टर 5 स्थित भंज भवन में आदर्श पाठागार की बेदखली कार्रवाई की कवरेज के दौरान पत्रकार के साथ अभद्रता व दुर्व्यवहार और धमकी का मामला सामने आया है। इस संबंध में शुक्रवार दोपहर 2.10 बजे अनंत पटनायक 57 निवासी क्वार्टर नंबर डी.100, सेक्टर.16, थाना सेक्टर 15, राउरकेला ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।
शिकायतकर्ता ने बताया कि वे अप्रिय सत्य नामक सोशल मीडिया न्यूज ऐप से जुड़े हैं और बेदखली की लाइव रिकॉर्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान भाजपा नेता दिलीप कुमार पटनायक ने सार्वजनिक रूप से उन्हें गाली गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकियां दीं। यह घटना अन्य पत्रकारों की मौजूदगी में हुई। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने व्यक्तिगत रूप से धमकी भी दी। पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध महुआ शराब बनाने की सूचना पर कार्रवाई

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जूटमिल थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़उमरिया उरांव पारा में दबिश दी। इस कार्रवाई में आरोपी किशोर कुमार मिंज पिता सुंदर लाल मिंज 38 वर्ष को उसके बाड़ी में महुआ शराब बनाते रंगे हाथ पकड़ा गया। ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत की थी कि किशोर मिंज अपने बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब तैयार कर लोगों को बेच रहा है, जिससे गांव का माहौल बिगड़ रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी बाड़ी के खुले परछी में शराब तैयार करते मिला। पुलिस ने मौके से 13 लीटर महुआ शराब, शराब बनाने के पात्र को जप्त किया है। वहीं आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### मुख्यमंत्री का हैलिपैड पर आत्मीय स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बगिया हेलिपेड में कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास एसएसपी शशि मोहन सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया।

### रितु व्यवसाय अपनाकर बनी आत्मनिर्भर



**जशपुरनगर।** बिहान योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं और परिवार की जिम्मेदारियां भी सफलता पूर्वक निभा रही हैं। दुलदुला विकासखण्ड की निवासी श्रीमती रितु रजक इसकी प्रेरक मिसाल हैं। उन्होंने दीपक स्व-सहायता समूह से जुड़कर समूह गतिविधियों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रारंभ में उन्होंने ग्राम संगठन से 10,000 रुपए तथा अपने समूह को बैंक से प्राप्त ऋण में से 40,000 रुपए का ऋण लेकर कपड़े का व्यवसाय प्रारंभ किया। व्यवसाय में सफलता मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत साधन संस्था की तकनीकी सहायता से ग्रामीण बैंक दुलदुला से 2 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर कारोबार का विस्तार किया। आज श्रीमती रितु रजक का कपड़े का व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इससे उन्हें प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये की आय हो रही है। मेहनत और आत्मनिर्भरता से आज "लखपति दीदी" के रूप में पहचान बना चुकी है। श्रीमती रितु रजक ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# गंझियाडीह धान खरीदी केंद्र से तीन करोड़ का धान गायब

## फड़ प्रभारी ने शासन को लगाया चूना प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धान खरीदी केंद्र कोनपारा के उपकेंद्र गंझियाडीह में वितीय वर्ष 2024-25 खरीफ धान खरीदी में बड़ी गड़बड़ी उजागर हुई है। यहां लगभग पौने तीन करोड़ के धान गायब होने का खुलासा हुआ है। यह हम नहीं बल्कि विपणन विभाग जशपुरनगर से जारी जानकारी के अनुसार है। पौने तीन करोड़ रुपये का धान गायब होने की जानकारी होने के बावजूद विभागीय अधिकारियों के कार्रवाई नहीं करने पर लोग अचंभित है। यहां गड़बड़ी और इतनी मोटी सरकारी रुपयों का बंदरबाट करने वाले फड़ प्रभारी बताया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार कोनपारा धान खरीदी केंद्र के साथ ही उपमण्डी गंझियाडीह है। आपको बता दें कि हमारे हाथ जो तथ्य विभाग से मिले है उस आधार पर गंझियाडीह धान खरीदी केंद्र में 27 अगस्त के मुताबिक12727.03 क्विंटल यानी 31817 बोरी धान मिलर्स को परिदान करना है,जिसकी बाजार मूल्य 23 रुपये प्रतिकिलो के मुताबिक 2 करोड़ 92 लाख 71 हजार 640 रूपये होगा ,लेकिन मंडी में अभी एक बोरी धान जमा नही हैं. धान मंडी में चारों ओर घास उगा है। ऑफिस मैं बैठकर कर्मी अपनी सेवाएं दे रहे है। मामले को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने फड़ प्रभारी के अनुमति के बैगर देने से इनकार कर दिया। जब हमने फड़ प्रभारी कमल यादव से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन उठाकर काट दिया जिससे हम उनका पक्ष नही रख सके।



खरीदी केंद्र के फड़ से गायब धान।

### शासन से डीओ जारी

धान खरीदी केंद्रों में मिलर्स को परिदान के लिये सम्पूर्ण धान का डीओ जारी हो चुका है.लेकिन फड़ प्रभारी प्रबंधक की भूमिका मे है। उसके आगे प्रशासन पंगु बना है। स्थिति ये है कि फड़ में एक बोरी भी धान उपलब्ध नही है धान खरीदी होने के बाद धान आखिर गया कहा इसका जवाब कोई नहीं दे रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मौके में धान का दाना भी नही तो मिलर्स धान उठायेंगे कहा से विभाग द्वारा उठाव के डीओ जारी तो कर दिया गया लेकिन मौके में धान है कि नही यह देखना भी जरूरी नहीं समझा।

### जांच पूरी कर ली गई है

इस मामले की शिकायत किसी के द्वारा कलेक्टर को की गई थी जिस पर जांच टीम का गठन हुआ था, जांच टीम के द्वारा जांच पूरी कर ली गई है। जिसका रिपोर्ट सौपना बाकी है। केंद्र का भौतिक सत्यापन भी करा लिया गया है।

-**ओम्कारेश्वर सिंह**, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसाबहार



आंगनबाड़ी केंद्र को विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा करतीं प्रियंवदा व अन्य।

## महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी से मिली प्रियंवदा

**जशपुरनगर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने जशपुर में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकसीत करने का प्रस्ताव के साथ महिला बाल विकासमंत्री लक्ष्मी रजवाड़े से मुलाकात की आदिवासियों के शारीरिक व मानसिक विकास में होगा सहायक, देश के लिए जशपुर बनेगा माडल। आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकासित किया जाएगा। बुनियादी सुविधा सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस इन आंगनबाड़ी केंद्रों में शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक के बच्चों के स्वास्थ्य के साथ मानसिक विकास के लिए प्रदेश के साथ पूरे देश के लिए एक आदर्श उदाहरण बन सकेगें। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने यह प्रस्ताव छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को दिया है।

मंत्री राजवाड़े शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंची थी। शहर के सर्किट हाउस में मंत्री से मुलाकात के दौरान प्रियंवदा सिंह जूदेव ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में आदिवासियों के साथ पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जैसे विशेष संरक्षित जनजातियां निवास करती है। जो आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से अब भी पिछड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की राज्य सरकार ऐसे जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ना प्राथमिकता सूची में शामिल है। आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र इन जातियों के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के साथ ही इनके मानसिक व शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाएंगें। इस दौरान जशपुर की विधायक रायमुनि भगत,कृष्ण कुमार राय,नगरपालिका जशपुर के उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, भाजपा के जिला प्रवक्ता ओम प्रकाश सिन्हा, दीपक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, अभिषेक गुप्ता, शरद चौरसिया, नीज सचिव राजेश सिन्हा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इन सुविधाओं से होगा लैस

प्रियंवदा सिंह जूदेव ने बताया कि प्रस्तावित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में बेहतर रंग-रोगन के साथ आकर्षक चित्रकारी होगा। इसके साथ बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी-टेबल के साथ एक टेलीविजन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे बच्चों को गीत-संगीत के माध्यम से शिक्षा दी जा सकेगी। उन्होनें बताया कि एक आंगनबाड़ी केंद्र को आदर्श केंद्र के रूप में विकसीत करने में एक लाख रूपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।

## मुख्यमंत्री ने दिवंगत शशिकला को दी श्रद्धांजलि



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को ग्राम बंदरचुआं पहुंचकर दिवंगत श्रीमती शशिकला साय के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की, कि परिवारजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय ने भी दिवंगत श्रीमती शशिकला साय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्वर्गवासी श्रीमती शशिकला साय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भतीजे कृष्णकांत साय की धर्मपत्नी थीं।

## शिविरों में 190 से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण

**जशपुरनगर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 19 सितम्बर 2025 तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दो दिनों के भीतर 190 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया। जिसमें 12 सितंबर को ग्राम पंचायत गोढ़िकला विकासखण्ड पत्थलगांव में 50 से अधिक श्रमिकों का एवं ग्राम पंचायत कुकुरभुक्का में 30 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया। इसी तरह 13 सितंबर को ग्राम पंचायत लोरो में 70 से अधिक श्रमिकों का और ग्राम पंचायत चटकपुर 40 से अधिक श्रमिकों को पंजीयन किया गया। पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 14 सितम्बर को ग्राम पंचायत घटमुण्डा और नारायणपुर, 15 सितम्बर को ग्राम पंचायत रनपुर और बुढ़ाडॉड़, 16 सितम्बर को ग्राम पंचायत दोकड़ा और बटाईकेला, 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत मोडा और हर्राडीपा, 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत अम्बाकछार और पण्ड्रीपानी, 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत आरा और लोदाम में किया जाएगा।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सरस्वती साइकिल वितरण



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के मुख्य आतिथ्य में निः शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद राजेश गुप्ता, सरहुल समिति के जिला उपाध्यक्ष मैनेजर राम एवं समाज सेवक संतोष ओहदार भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कक्षा नवमी में अध्यनरत 70 बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना के तहत निः शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि सरकार के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में यह कारगर कदम है, उन्होंने सभी बालिकाओं और उनके पालकों को शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्तिथ नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद राजेश गुप्ता ने कहा कि इस योजना का लाभ प्रत्यक्ष रूप से बालिकाओं को मिल रहा है, जिससे वे पढ़ाई को नियमित रूप जारी रख सकें। संस्था के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रतिवर्ष कक्षा नवमी की पात्र बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क सायकिल वितरित किया जाता है। इस योजना से शाला त्यागी बालिकाओं का प्रतिशत शून्य है। उनकी नियमित उपस्तिथि में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान इस अवसर पर पात्र बालिकायें व उनके अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक महेश गुप्ता, सूखेश्वर भगत, सुरेश तांडी, प्रभात मिश्रा,जयेश सौरभ टोपनो, समीर टोप्पो, सुदर्शन साय,संगीता यादव,डॉ. विकास पाण्डेय और समस्त शिक्षकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## कन्या महाविद्यालय में एल्यूमनी मीट क्विज,भाषण एवं रैली का आयोजन




**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर समस्त प्रदेश के शिक्षण संस्थानों मे रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है, इसी क्रम मे जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय मे एल्यूमनी मीट,पोस्टर लेखन, भाषण, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे भारी मात्रा मे महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ.एम गुप्ता द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा पर संक्षिप्त विचार प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात हमर छत्तीसगढ़ -विकसित छत्तीसगढ़ के थीम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. जिसमें प्रथम स्थान बीएससी - तृतीय सेमेस्टर से सरस्वती सिदार, द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय सेमेस्टर की सरस्वती प्रजापति रही। वहीं भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम स्थान पर बीएससी -तृतीय सेमेस्टर से दुर्गावती बाई, द्वितीय स्थान पर बीएससी प्रथम सेमेस्टर से से कविता, एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से पूजा भगत एवं कोमल कुमारी रही। इसी क्रम मे छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया. जिसमे प्रथम स्थान पर बीएससी तृतीय सेमेस्टर से पूजा यादव, द्वितीय स्थान पर द्वितीय स्थान पर बीएससी तृतीय वर्ष से किरण सिंह, एवं तृतीय स्थान पर दीपिका यादव एवं भूमिका चौहान रही। साथ ही रजत जयंती के अवसर पर दूसरे चरण मे एल्यूमनी मीट एवं रैली का आयोजन हुआ। एल्यूमनी मीट के अंतर्गत महाविद्यालय मे भूतपूर्व छात्राओं और वर्तमान छात्राओं के मध्य परस्पर संवाद एवं संगम देखने को मिला। एवं महाविद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों की उन्नति पर चर्चा की गयी। रैली के अंतर्गत महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के द्वारा शहर के निक्की चौक-पोस्ट ऑफिस-जिला अस्पताल-जेल रोड होते हुए पुनः महाविद्यालय द्वार तक विशाल रैली यात्रा पूरी की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन अर्जुन खलखो ने किया।निर्णायक के रूप मे श्रीमती नीता श्रीवास्तव, सुश्री सीमा भगत की भूमिका रही। अंत में कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती निमन झरिया मिंज द्वारा आभार किया गया।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित



**जशपुरनगर।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में विकास की नई दिशा तय करने के उद्देश्य से मॉडल विलेज एक्शन प्लान बनाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक जिला मास्टर ट्रेनर को एक विकासखंड के एक गांव में विलेज एक्शन प्लान बनाने के लिए चयनित किया गया है । इसी कड़ी में जिला मास्टर ट्रेनर तथा ब्लॉक मास्टर ट्रेनर दल द्वारा विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर स्वयं निर्धारित प्रक्रिया अपना कर विलेज एक्शन प्लान बनाने का कार्य किया गया। इसके द्वारा उन्हें ग्राम स्तर की चुनौतियों व उनकी आकांक्षाओं की बेहतर समझ भी हुई। इस अवसर पर संबंधित ग्रामों के जनप्रतिनिधि, सरपंच , पंच, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, युवा प्रतिनिधि, कृषक बंधु तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान डीएमटी टीम ने ग्रामवासियों को बताया कि मॉडल विलेज केवल एक संकल्पना न होकर, ग्राम की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक उन्नति का आधार है। इसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पोषण, जल-प्रबंधन, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि ग्राम कार्ययोजना ग्राम की वास्तविक आवश्यकताओं एवं उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखकर तैयार की जाती है। इसमें ग्रामीणों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है, ताकि योजना जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी और टिकाऊ हो सके। प्रशिक्षण में ग्रामीणों को समूह चर्चा, मानचित्रण, संसाधन सूचीकरण, प्राथमिकता निर्धारण एवं सामूहिक निर्णय प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार साझा किए। महिलाओं एवं युवाओं ने विशेष रुचि दिखाते हुए आजीविका संवर्धन तथा कौशल विकास से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। साथ ही, कृषि सुधार, जल संरक्षण एवं शिक्षा को भी ग्राम कार्ययोजना में प्रमुखता से शामिल करने का निर्णय लिया गया।

## परिवहन में चल रही विसंगतियों को लेकर ट्रांसपोटर्स की जरूरी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

> ■ बाहर की गाड़ियों व बाहर के ट्रांसपोर्टरों को तरजीह देना बंद करें



राउरकेला एवं पार्श्विक अंचल में चल रहे परिवहन के विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को ब्राह्मणी क्लब में एक जरूरी बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसी भी नॉन मेंबर के साथ गाड़ियों की आपूर्ति बंद करते हुए गाड़यिों के आदान प्रदान बंद करने की बात की गई। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल एवं कोलकाता रूट को स्वतंत्र तरीके से चलाने पर निर्णय लिया गया एवं विरोध दर्ज किए जाने पर अपर्याप्त कागजातों के साथ चलने वाले गाड़ियों को सड़क से बाहर किए जाने हेतु जरूरी कार्रवाई की बात की गई।

वहीं राउरकेला इस्पात संयंत्र में चल रहे सिंडिकेट के विषय में उच्च अधिकारियों व स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को अवैध तरीके से काम करने वाले ट्रेडर्स को विस्तृत जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत करने की बात की गई। इसके लिए विस्तृत विवरण कमेटी का भी गठन किया गया व जरूरी दस्तावेज इकट्ठे करने की सलाह दी गई। बीते कई वर्षों में ऑटोमेइजेसन के तहत राउरकेला इस्पात संयंत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बावजूद संगठित चोरी एंव एक्सेस मेटेरियल निकासी के कारण कहीं ना कहीं राउरकेला इस्पात संयंत्र को खुले तौर पर चूना लगाने का संगठित व व्यवस्थित रूप से कार्य किया जा रहा है जो की राउरकेला ही नहीं देश की संपत्ति का भी खुला नुकसान है। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा की जरूरत पड़ने पर जंतर मंतर पार्लियामेंट स्ट्रीट में धरने व प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में भी प्रेस वार्ता के द्वारा इसकी जानकारी साझा की जाएगी व उच्चस्तरीय जांच एजेंसियों के द्वारा इसकी जांच की जाने की अनुशंसा हेतु महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री ओड़िशा को भी पत्राचार द्वारा अनुरोध किया जाएगा। वही जरूरत पड़ने पर एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री इस्पात मंत्रालय से मिलने के लिए दिल्ली कुच करेगा। उक्त सभा में बलजिंदर सिंह बिल्लू, दिलीप अग्रवाल, राममेहर शर्मा, मानस मोहन्ति, शंकर लाल शर्मा, मोहम्मद सलीम, जसविंदर सिंह गोल्डी, राकेश जयसवाल, बलविंदर सिंह बिट्टू, चकित महाजन, अंबुज शुक्ला, राकेश अग्रवाल, बसंत जेना, रामाज्ञा प्रसाद, मुन्ना राय, विकास सिंह, बीबी दास व अन्य प्रमुख मौजूद थे।

## गहिरा गुरु संस्कृत कालेज में पुलिस यूनिसेफ का जागरूकता कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** जिले में साइबर अपराध, मानव तस्करी और सड़क हादसों से बचाव को लेकर जागरूकता का बिगुल बज चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में "सजग समाज, सुरक्षित भविष्य" और "क्लिक सेफ" अभियान के तहत शनिवार को संत गहीरा गुरु संस्कृत महाविद्यालय सामरबहार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने पासवर्ड प्रबंधन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन जालसाजों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए।

यूनिसेफ की विकासखंड समन्वयक शालिनी गुप्ता ने मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भोली-भाली लड़कियों को तस्कर झूठे सपनों का लालच देकर बड़े शहरों में ले जाते हैं और उनका शोषण करते हैं। जागरूकता ही इस अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।शासकीय महाविद्यालय बगीचा के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव रंजन तिग्गा ने यातायात सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है। हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग जीवन बचाता है। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विद्याकांत त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे साइबर सुरक्षा, मानव तस्करी व यातायात नियमों के प्रति न केवल खुद सजग रहें बल्कि समाज को भी जागरूक करें। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ.राजीव रंजन तिग्गा, प्राचार्य डॉ. विद्याकांत त्रिपाठी, थाना प्रभारी संतलाल आयाम, यूनिसेफ समन्वयक शालिनी गुप्ता, साइबर योद्धा तुलेश्वर पैंकरा व साक्षी रानी कुजूर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# जो लोग पहले आलोचना करते थे, वही तारीफ करते हैं

**मुंबई।** कई कश्मीरी कलाकारों ने बॉलीवुड में नाम कमाया है। नया नाम मसरत उन निसा का जुड़ गया है। उन्होंने हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'सांग्स ऑफ पैराडाइज' में अपने गानों से लोगों का दिल जीता। यह फिल्म सिंगर राज बेगम की जिंदगी पर आधारित है। वह कश्मीरी गायिका थीं। 'सांग्स ऑफ पैराडाइज' में मसरत के परफॉर्मेंस की कामयाबी के बाद उन्हें लगता है कि उनके खिलाफ अब आलोचनाएं कम हो गई हैं। उन्होंने कहा 'अब आलोचकों की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। अब वह कुछ नहीं कहते हैं। अब वह मेरी तारीफ करते हैं। वह कहते हैं कि मैंने सही पेशा चुना है।

लाइफ Style



# सामंथा


## पहले एक साल में करती थीं पांच फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु किसी न किसी वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। चाहे वह उनकी अदाकारी हो, रोजमर्रा की आदतें हों या फिर अपने कथित बॉयफ्रेंड्स को लेकर। हाल ही में उन्होंने मायोसिटिस नामक बीमारी के बारे में बताया था।

वह एक ऐसी बीमारी से जूझ रही हैं जो उनके इम्यून सिस्टम को प्रभावित कर रही है। इसमें आपके मसल्स बुरी तरह प्रभावित होते हैं। हालांकि सामंथा ने कहा कि वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गई हैं और अब जिंदगी और काम के प्रति उनका नजरिया बिल्कुल नया है। सामंथा ने बताया कि कैसे उन्होंने खुद को अपने पुराने रूप से अलग कर लिया है, एक ऐसा रूप जो ज़्यादा से ज़्यादा काम करने के बारे में चिंतित रहता था। उन्होंने कहा, मेरे पुराने रूप में शायद मैं साल में पांच फिल्में करती थी, क्योंकि यही एक सफल अभिनेता की पहचान थी... आपकी पांच फिल्में, एक बड़ी ब्लॉकबस्टर, और आपको टॉप 10 अभिनेत्रियों में शामिल होना है। बस इतना ही जरूरी था। कुछ बड़े मल्टीनेशनल ब्रांड्स का विज्ञापन करने के लिए यह जरूरी था। आज, दो साल से मेरी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है और मैं किसी भी लिस्ट में नहीं हूं। मेरे पास 1000 करोड़ की कोई फिल्म नहीं है, लेकिन मैं अब तक की सबसे खुश हूं। सामंथा ने यह भी बताया कि कॅरियर के शुरुआती दिनों में उनके ऊपर काफी दबाव था और इसके वजह से उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा था। उन्हें लगता था कि उनके हाथ से रोल छिन जाएंगे। उन्होंने स्वीकार किया, मैं बहुत कमज़ोर थी।

हॉलीवुड मसाला



# नीना दोब्रेव ने तोड़ी सगाई

**लॉस एंजिल्स।** टीवी शो वैंपायर डायरीज में एलना का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस नीना दोब्रेव की सगाई टूटने की चर्चा है। नीना दोब्रेव ने साल 2024 में एक मशहूर स्नोबोर्डर शॉन व्हाइट से सगाई की थी। इससे पहले दोनों पांच साल तक रिलेशन में भी रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार और नीना दोब्रेव और शॉन व्हाइट की राहें अब जुदा हो चुकी हैं। एक्ट्रेस से जुड़े एक करीब सूत्र का कहना है कि यह फैसला दोनों ने आपसी सहमति से लिया है।




# मेंगलोंग ने माई शो, माई स्टाइल से की कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** चीनी एक्टर, सिंगर और म्यूजिक वीडियो डायरेक्टर एलन यू मेंगलोंग का गुरुवार (11 सितंबर) को एक इमारत से गिरकर निधन हो गया। वह 37 वर्ष के थे। जिनका जन्म 15 जून 1988 को हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 2007 में टैलेंट रियलिटी शो 'माई शो, माई स्टाइल'से की थी। इसके बाद उन्होंने साल 2011 में शॉर्ट फिल्म 'द लिटिल प्रिंस' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। जिसके बाद उन्होंने बतौर एक्टर वेब ड्रामा 'गो प्रिंसेस गो' में अपनी भूमिका से उन्हें लोकप्रियता मिली, जो एक सांस्कृतिक घटना बन गई। बाद में यू हिट फंतासी रोमांस इटरनल लव में दिखाई दिए, जहां उन्होंने बाई कियान के भाई का रोल निभाया । उन्होंने द मून ब्राइटन्स फॉर यू में लिन फैंग जैसे बेहतरीन रोल के साथ अपने कॅरियर को आगे बढ़ाया।



# 10 साल बाद पर्दे पर लौटीं गीता बसरा

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री गीता बसरा ने करीब एक दशक के लंबे अंतराल के बाद, पंजाबी फिल्म मेहर से दमदार वापसी की। राकेश मेहता ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 5 सितंबर को रिलीज हो चुकी है। एक बातचीत में गीता बसरा ने कहा सेट पर होना मेरा सपना है, और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे एक और मौका मिला। यहां आकर मुझे बहुत खुशी मिलती है। पंद्रह साल पहले, शादी के बाद महिलाओं के लिए वापसी करना मुश्किल था, लेकिन अब समय बदल गया है। पीढ़ी बदल गई है, और अब यह कोई मायने नहीं रखता। गीता ने अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ एक मैगजीन के कवर पेज पर आने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, बड़ी हस्तियों के साथ शामिल होना वाकई गर्व की बात है।



# आमिर ने बायोपिक के लिए बढ़ाया वजन

**मुंबई।** आमिर खान एक बार फिर अपने लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। आमिर का दरअसल, एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि उनका थोड़ा वजन बढ़ गया है। वहीं, जब वह लास्ट फिल्म सितारे जमीन पर नजर आए थे, तब वह बिल्कुल फिट थे। अब आमिर के लेटेस्ट लुक के वायरल होने के बाद लोग अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं ये उनकी अपकमिंग फिल्म दादासाहेब फाल्के की बायोपिक का लुक तो नहीं। दादासाहेब फाल्के की बायोपिक के लिए आमिर और राजकुमार हिरानी एक बार फिर कोलैब्रेट करेंगे। आमिर की टीम ने स्टेटमेंट रिलीज कर कहा था कि ये काफी सरप्राइजिंग है कि हिंदी सिनेमा में किसी ने अभी तक सिनेमा की स्टोरी नहीं बताई है। वीएफएक्स स्टूडियो जो एलए से है उन्होंने पहले ही एआई डिजाइन्स बना दिए हैं।

टीवी मसाला



# हर महिला की कहानी है संपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर डालता है रोशनी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो संपूर्णा देखने के बाद लगता है कि अब सच में एंटरटेनमेंट और सामाजिक मुद्दों का बेहतरीन मेल देखने को मिल रहा है। ऐसा शो टीवी पर मौजूद है, यह विश्वास करना एक पल के लिए मुश्किल है। कहानी सिर्फ ड्रामा नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन और समाज की असलियत को बेबाक अंदाज में सामने लाती है। इस शो में संदीप्ता सेन (मित्ती), अहम शर्मा (आकाश) और विशाल आदित्य सिंह (सत्तू) की भूमिका में नजर आ रहे हैं।शो की कहानी आज के समय के लिए बेहद रिलेट करने वाली है। इसमें मित्ती और नैना जैसे किरदारों के जरिए संघर्ष, पारिवारिक रिश्तों और समाज की चुनौतियों को दिखाया गया है। इसे देखकर साफ तौर पर लगता है कि यह शो टीवी कंटेंट को एक नए और फ्रेश तरीके से पेश कर रहा है। सिर्फ कहानी ही नहीं, बल्कि पेश करने के तरीके इसे बाकी शोज से अलग बनाती है। समाज के कई छिपे हुए पहलुओं और महिलाओं की जिंदगी की असल मुश्किलों को दिखाते हुए यह शो टीवी की दुनिया में एक अलग मुकाम बना रहा है। कहना होगा कि शो के मजबूत संदेश ने इसे बेहद प्रभावशाली बना दिया है।

## बिग बॉस से नतालिया को कर दिया बाहर

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को लेकर इस वक्त दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट बनी हुई है। कंटेस्टेंट के बीच टास्क को लेकर जमकर घमासान बना हुआ है। इस शो लेकर लगातार नई अपडेट सामने आ रही है। इसी बीच अब 'बिग बॉस 19' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। नतालिया जानोसजेक को घर से बाहर कर दिया गया। नतालिया सलमान खान के शो से बाहर होने वाली पहली कंटेस्टेंट हैं। शो में नतालिया और मृदुल तिवारी के बीच की कैमेस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही थी। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर यूजर्स नतालिया के बाहर जाने को लेकर रिएक्ट कर रहे हैं। बिग बॉस 19 के तीसरे हफ्ते घर के चार लोगों पर नॉमिनेशन की तलवार लटकी हुई थी। नतालिया जानोसजेक के साथ-साथ मृदुल तिवारी, आवेज दरबार और नगमा मिराजकर को घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट किया गया था।



# हिंदी सिनेमा की वो हसीना, जो नेपाल प्लेन हाईजैक का हुई थी शिकार

**नई दिल्ली।** नेपाल में तख्तापलट इस वक्त पूरी दुनिया में चर्चा में है। इस बीच सबसे ज्यादा नाम सुशीला कार्की का चर्चित हो रहा है। सुशीला का नाम उस वक्त सामने आया है, जब नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली गायब है। सुशीला 11 जुलाई 2016 को नेपाल की पहली मुख्य न्यायाधीश बनी थीं और अपने कार्यकाल के एक साल में ही कई अहम फैसले सुनाए थे। अपने फैसलों से वह देशभर में छा गई थीं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि सुशीला उस शख्स की पत्नी हैं, जो 1973 में हुए प्लेन हाईजैक में शामिल थे और इस प्लेन में हिंदी सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस माला सिन्हा भी थी। नेपाल में 1973 में रॉयल नेपाल एयरलाइंस का विमान बिराटनगर से काठमांडू जा रहा था, लेकिन मंजिल पर पहुंचने से पहले ही विमान हाईजैक हो गया। प्लेन हाईजैक के पीछे कोई आतंकी संगठन नहीं, बल्कि सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुबेदी थे। इस प्लेन में 19 यात्री सवार थे, जिसमें एक्ट्रेस माला सिन्हा भी थी। इस हाईजैकिंग से भारत में भी सनसनी फैल गई थी।



### *क्या है माला सिन्हा का नेपाल कनेक्शन?*


*इस विमान को बिहार के फोर्बेस्गंज में लैंड किया गया और फिर इन पैसों को कार में रखकर दार्जिलिंग ले जाया गया। इस मामले में सुबेदी और कई अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया और 1975 में लगी इमरजेंसी के दौरान रिहा कर दिया गया था। बात करें माला सिन्हा की तो आज वह 88 साल की है। उनके पति चिदंबर प्रसाद लोहानी एक नेपाली एक्टर थे। रिपोर्ट्स की मानें तो माला सिन्हा और चिदंबर ने फिल्म मैतीघर में साथ में काम किया और इसी दौरान के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। चिदंबर का निधन 2024 में 86 साल की उम्र में काठमांडू में हुआ था।*

# अक्टूबर में थिएटर में धमाल मचाएंगी ये 5 फिल्में, दिवाली पर होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** अक्टूबर का महीना सिनेमा प्रेमियों के लिए खास होने वाला है। इस बार थिएटर्स में एक या दो नहीं, बल्कि 5 शानदार फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। खासकर दिवाली के मौके पर वरुण धवन से लेकर आयुष्मान खुराना तक की फिल्में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।

**सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी**
वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का गाना 'बिजुरिया' पहले ही हिट हो चुका है और फैंस में उत्साह बढ़ा रहा है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

**एक दीवाने की दीवानियत**
हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' पुरानी यादों और आधुनिक




रोमांस की कहानी को दिखाएगी। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के गाने पहले ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके हैं

**थामा:** मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म है थामा। थामा में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे सितारे नजर आएंगे। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**द ताज स्टोरी:** परेश रावल की सामाजिक ड्रामा फिल्म द ताज स्टोरी तुषार अमरीश गोयल ने लिखी और निर्देशित की है। द ताज स्टोरी में जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 31 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी।

**वन टू चा चा चा:** वन टू चा चा चा एक मजेदार कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में आशुतोष राणा, अनंत वी जोशी, अभिमन्यु सिंह, मुकेश तिवारी, न्यारा बनर्जी और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हर्ष मायर जैसे सितारे हैं। अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी और त्योहारों के मौसम में परिवार व दोस्तों के साथ देखने के लिए बिल्कुल सही है।

## 90 के दशक के कई गानों को रखा जाता है सदाबहार गानों की श्रेणी में

# कभी आवाज से जीता था लोगों का दिल, अब गुमनामी में जी रहे हैं ये सिंगर्स

90 के दशक के गाने लगभग हर कोई पसंद करता है। इस दौर के कई गानों को सदाबहार गानों की श्रेणी में रखा जाता है। उस दौर में कई बेहतरीन बॉलीवुड गायकों ने इन शानदार गानों को गाया था। 90 के दौर में बेहतरीन गानों को आवाज देने वाले कई गायक इस दौर में गुमनामी की जिंदगी गुजार रहे हैं।



### मिनमिनी

फिल्म 'रोजा' के गाने 'दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा...' गाने को आवाज देने वाली मिनमिनी का शुरुआती सफर अच्छा रहा। बताया जाता है कि लंदन में एक कॉन्सर्ट के दौरान उनकी आवाज खो गई। इलाज के बाद उन्होंने साउथ की फिल्मों में गाने गाए। इन दिनों वह अपने पिता के साथ केरल में एक म्यूजिक इंस्टीट्यूट चलाती हैं।



### बेला सुलाखे

बॉलीवुड की फिल्म इम्तिहान के लिए 'चाहा तो बहुत...' गाना गाने वाली गायिका बेला सुलाखे भी 90 की दशक की बेहतरीन गायिका थीं। उन्होंने विजेता और एक ही रास्ता जैसी फिल्मों के लिए गाने गाए। आज यह गायिका कहां हैं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।



### अनुराधा पौडवाल

अनुराधा पौडवाल ने फिल्म 'आशिकी' के गाने गाए। इस फिल्म के ज्यादातर गाने हिट रहे। अनुराधा हिंदी की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक हैं। इन दिनों वह कम ही नजर आती हैं। वह हिंदी या बॉलीवुड के गाने भी नहीं गातीं। कई मौकों पर वह भजन गाती हुई नजर आती हैं।



### अनुपमा देशपांडे

अनुपमा देशपांडे 90 के दशक में गायकी में एक बड़ा नाम थीं। उन्होंने 'तुम मेरे हो...' और 'लगी आज सावन की फिर वो...' जैसे गाने गाए। इन्होंने अपने करियर में 124 गाने गाए। यही नहीं इन्हें गाने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड भी दिया गया। एक समय के बाद वह गुमनामी में खो गईं।



### सारिका कपूर

हम खुश हुए..., तेरे मेरे प्यार का...'और जिंदगी को बिना प्यार... जैसे गानों को अवाज देने वाली सारिका कपूर बहुत मशहूर थीं। उन्होंने फिल्म 'ये दिल आशिकाना' में गाना गाकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई। इन्होंने नदीम-श्रवण के साथ भी कई गाने गाए। इन दिनों वह कहां हैं और क्या करती हैं, इसके बारे में किसी को नहीं पता।



### बाबला मेहता

ऋषि कपूर और श्रीदेवी की ब्लॉकबस्टर फिल्म चांदनी में सुरों की कोकिला लता मंगेशकर संग मिलकर मितवा गीत से बतौर गायक बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले बाबला मेहता 90s के टॉप सिंगर्स की फेहरिस्त में शामिल हुआ करता थे। उन्हें लीजेंडरी सिंगर मुकेश की आवाज माना जाता था। बतौर गायक बाबला ने दिल है की मानता नहीं, चांदनी और सड़क जैसी कई मूवीज के गानों का गाया था। बता दें हाल ही में उनका निधन हुआ है।



### विपिन सचदेवा

एस.पी. बालासुब्रमण्यम के बाद गायक विपिन सचदेवा 90s के दौर में सलमान खान की आवाज बने थे। सनम बेवफा जैसी मूवीज के लिए विपिन ने गाने गाए। इसके अलावा अन्य कई कल्ट गीतों को विपिन ने अपनी आवाज दी। इसके अलावा उन्होंने बेटा, जनाम और जुनून जैसी मूवीज के हिट सॉन्गों को अपनी आवाज दी थी। आज वह भजन म्यूजिक कॉन्सर्ट तक सीमित है।

## खबर संक्षेप

### मैरिज हॉल में पढ़ने को मजबूर मासूम

**राउरकेला।** सरकार बदलने के डेढ़ साल बाद भी व्यवस्था में सुधार की उम्मीदें पूरी नहीं हो सकीं। इसका उदाहरण राउरकेला के जमुनानाकी क्षेत्र में देखने को मिला है, जहां आंगनबाड़ी भवन पिछले पांच साल से तैयार है, लेकिन अब तक उपयोग में नहीं लाया गया। नतीजतन करीब 20 मासूम बच्चे पास के मैरिज हॉल के आंगन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित होने वाली टीकाकरण योजना समेत कई गतिविधियां भी खुले आसमान तले की जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पुरानी सरकार भवन बना चुकी है तो नई सरकार को कम से कम उसका उद्घाटन कर बच्चों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना चाहिए। वहीं स्थानीय क्षेत्र वासियों ने भी हाल ही में सरकारी वादों और जमीनी हकीकत के बीच अंतर को उजागर किया था। लेकिन 15 महीने बीत जाने के बाद भी इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। वहीं स्थानीय कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेश केरकेट्टा ने मांग की है कि सरकार तत्काल पहल कर बच्चों को बेहतर सुविधा मुहैया कराए।

### बस हड़ताल खत्म हो : प्रदेश अध्यक्ष एनसीपी

**राउरकेला।** आम बसों की अचानक हुई हड़ताल ने यात्रियों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। शहर और आसपास के इलाकों में बसों के पहिए थमने से रोजाना कामकाज, स्कूल और बाजार जाने वालों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस हड़ताल के पीछे केवल श्रमिकों की मांग नहीं, बल्कि गहरी साजिश होने के आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार बस कर्मियों और आम बस प्रबंधन से जुड़े लोगों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि प्रबंधन जानबूझकर राजनीतिकरण के तहत स्थिति को बिगाड़ रहा है ताकि सरकार की छवि धूमिल की जा सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस हड़ताल से सबसे ज्यादा प्रभावित आम जनता हो रही है जबकि मैनेजमेंट जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि सुबह से बस सेवा ठप होने के कारण छात्रों को स्कूल कालेज देर से पहुंचना पड़ा और कई लोग कामकाज के लिए समय पर नहीं निकल सके। महिलाओं और बुजुर्गों को तो बाजार और अस्पताल तक पहुंचने में भी बड़ी परेशानी झेलनी पड़ी। राष्ट्रपति कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार प्रबंधन की मंशा पर और भी संदेह गहरा होता है जब इन आधुनिक बसों की रखरखाव व अन्य चीजों को एग्रीमेंट के तहत नहीं किया जा रहा है अतः इसे खंगालने की आवश्यकता है एंव जांचोपरान्त इसके रिटेंडर की प्रक्रिया को भी आरंभ करने पर विचार किया जाना चाहिए इस बीच जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि हड़ताल के कारण आम जनता को परेशान होना अस्वीकार्य है। प्रशासन ने वार्ता कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है और चेतावनी दी है कि अगर प्रबंधन अपनी उदंडता पर अड़ा रहा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।


### पटवारी, सरपंच सचिव और कोटवारों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

# सामुदायिक मध्यस्थता से अब ग्राम स्तर पर ही सुलझेंगे आपसी विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम स्तर पर उत्पन्न होने वाले छोटे-छोटे विवाद, जो प्रायः न्यायालय और थाने तक पहुँच जाते हैं, अब गाँव में ही आपसी सुलह सहमति से सुलझाए जा सकेंगे। इस दिशा में जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल करते हुए सामुदायिक मध्यस्थता को बढ़ावा देने की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत पटवारी, सरपंच, सचिव और कोटवारों को मध्यस्थता के कानूनी प्रावधानों और व्यावहारिक पहलुओं का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में दो पालियों में सम्पन्न हुआ। पहली पाली में धरमजयगढ़, लैलूंगा व तमनार विखं और दूसरी पाली में रायगढ़, पुसौर, खरसिया व घरघोड़ा ब्लॉक के पटवारियों, सरपंचों, पंचायत सचिवों और कोटवारों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय बिलासपुर की मध्यस्थ अधिवक्ता हमीदा सिद्दीकी, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, डॉ प्रियंका वर्मा, एसडीएम घरघोड़ा दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा, एसडीएम लैलूंगा भरत कौशिक, एसडीएम धरमजयगढ़ प्रवीण भगत, डीएसपी साईबर अनिल विश्वकर्मा, डीएसपी ट्रेफिक उत्तम प्रताप सिंह, जपं के सीईओ, तहसीलदार और नायब तहसीलदार, सीजीआईएएम के अधिवक्ता रूपक विजय पांडे, जैद खान और विवेकानन्द मौजूद रहे।





### न्यायालय, पुलिस का काम होगा कम

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि इस पहल से गाँव स्तर पर आपसी भाईचारा और सद्भाव और बेहतर होगा। समय और धन की बचत होगी। विवाद न्यायालय और थाने तक पहुँचने से पहले ही हल हो जाएँगे। ग्राम पंचायतें श्विवाद रहित पंचायतश के रूप में स्थापित होंगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आप लोगों के पास पहले से ही समाज का विश्वास और अधिकार है। अब यह पहल आपको एक औपचारिक जिम्मेदारी भी दे रही है। गाँवों में आपसी विवाद यदि स्थानीय स्तर पर ही सुलझ जाएँ तो न्यायालय और पुलिस दोनों पर बोझ घटेगा। इसलिए इसे गंभीरता से समझें और व्यवहार में

### मध्यस्थता पैनल का होगा चयन

जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव ने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में अविवादित नामांतरण, बँटवारा, अतिक्रमण और पंचायत शक्तियों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रत्येक पंचायत में मध्यस्थता पैनल का चयन कर इस व्यवस्था को आगे बढ़ाई जाएगी। रायगढ़ जिला प्रशासन की सामुदायिक मध्यस्थता की पहल न केवल ग्राम स्तर पर विवादों का समाधान करेगी, बल्कि न्यायिक व्यवस्था में बोझ कम कर, सामाजिक समरसता को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

### प्रक्रिया होती है पूरी तरह गोपनीय

उच्च न्यायालय बिलासपुर की मध्यस्थ अधिवक्ता हमीदा सिद्दीकी ने कहा कि मध्यस्थता आज की आवश्यकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वयं चाहते थे कि लोग अपने विवाद आपसी बातचीत से सुलझाएँ न कि अदालत जाएँ। मध्यस्थता का अर्थ है दो पक्षों के बीच तटस्थ तीसरे व्यक्ति की सहायता से सहमति कराना है। मध्यस्थता की प्रक्रिया में कोई भी व्यक्ति हारता या जीतता नहीं है, बल्कि दोनों पक्ष मिलकर एक ऐसा समाधान निकालते हैं जो दोनों के लिए स्वीकार्य हो। यह प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय होती है और एक बार समझौता हो जाने पर उसे एक कानूनी समझौते के रूप में लिखा जाता है। मध्यस्थता में अपील नहीं होती, निर्णय गोपनीय और अंतिम माना जाता है। पारंपरिक पंचायत व्यवस्था की तरह ही, आज भी गाँवों में आपसी सुलह की परंपरा को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों, केस स्टडी और डेमो के माध्यम से बताया कि किस प्रकार भूमि संबंधी विवाद, घरेलू कलह और छोटे स्तर के आपसी झगड़े मध्यस्थता के जरिए त्वरित और स्थायी समाधान पा सकते हैं। उन्होंने पंच परमेश्वर की पुरानी भारतीय अवधारणा को बताते हुए कहा कि जहाँ बुजुर्ग लोग गाँवों में बैठकर विवादों को सुलझाते थे। मध्यस्थता इसी परंपरा का आधुनिक और कानूनी रूप है।

# बिलाईगढ़ में चोर गिरोह सक्रिय आए दिन घट रही चोरी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़




- पुलिस प्रशासन सुस्त, क्षेत्र में भय का माहौल

अनुविभाग मुख्यालय इन दिनों चोरों का अड्डा बना हुआ है। नगर व आसपास के क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय है। क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की नाकामी से लोग अपने ही घर में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिलाईगढ़ एवं आसपास में इन दिनों चोर गिरोह सक्रिय है जो आए दिन नए नए चोरी की घटना को अंजाम दे रहें हैं।

बिलाईगढ़ नगर की मुख्य शुक्रवारी बाजार से मोटरसायकल, सायकल व मोबाइल का चोरी होना आम बात हो गया है। यही नहीं चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरकारी कार्यालयों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। नगर पंचायत बिलाईगढ़ के पानी टंकी से पूरा का पूरा केबल वायर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। पूर्व में भी नगर पंचायत की मणिकंचन केंद्र एवं कंपोस्ट शेड से बोर मशीन को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गए हैं। बीत रात वार्ड क्रमांक 15 निवासी अजय आदित्य के घर पीछे बाड़ी में लगे टुल्लू पंप को चोर उठा ले गए। अब तक जितनी भी चोरी की घटनाएं घटित हुई हैं उसमें पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता स्पष्ट उजागर होती हैं। उनके द्वारा तमाम चोरी की घटनाओं में महज खाना पूर्ति ही की गई है। चोरी पर लगाम लगाने में पूरी तरह नाकाम ही रहे हैं। ज्ञात हो कि नगर व आसपास में चोरी की कई घटनाएं घटित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन सुस्त रही है यही कारण है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासी अपने ही घर में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्रवासियों द्वारा पुलिस की गश्ती बढ़ाने एवं ठोस कार्रवाई करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया



**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में 13 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया, इस उपलक्ष्य में विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ एवं शिक्षाप्रद कहानी वाचन किया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का कारण एवं हिंदी भाषा के महत्व को विद्यालय की हिंदी शिक्षिका ने सरल शब्दों में विद्यार्थियों को बतलाया। इस अवसर में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान पर जनपद पंचायत में कार्यशाला

**पुसौर।** देश के 28 राज्य एवं 550 जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत पिछले जनजाति लोगों के निजी एवं सामुदायिक विकास के मद्देनजर केन्द्र सरकार द्वारा इन दिनों संबंधित क्षेत्र में लगातार कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में यह अभियान काफी तेज है और पुसौर क्षेत्र में इसमें कुल 5 ग्राम तडोला, बोंदा, सिल्हाडी, अमलीभौना कंवरिहा को सम्मिलित किया गया है।



जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में इन्ही पांच गांव से जुडे जनप्रतिनिधि एवं शासकीय अमला के साथ साथ शासन के सभी विभाग के लोग इसमें शामिल रहे। यह कार्यशाला गुरूवार व शुक्रवार 2 दिन तक चला है, जिसमें अदि कर्मयोगी अभियान के तहत महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बताया जाता है कि इन गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल रोड, पर्यावरण सुरक्षा आदि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ साथ निजी रूप से रोजगार के अवसर, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि सुविधा मुहैया कराना है। सूत्र बताते हैं यह योजना मुख्यतः उन जनजातियों के लिये है जो विकास के मुख्य धारा से दूर हैं इस तथ्य के आधार पर पुसौर के 5 ग्राम ही शामिल हैं।

# सस्ती नहीं, अब मुफ्त बिजली की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़

- कलेक्टर ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी, गांव .गांव जाकर नागरिकों को मिलेगी योजना की जानकारी

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभ आमजन तक पहुँचाने और व्यापक जन जागरूकता के लिए आज जिला कलेक्टोरेट परिसर से प्रचार रथ को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों का भ्रमण कर नागरिकों को योजना की विस्तृत जानकारी देगा तथा उन्हें इससे होने वाले आर्थिक व सामाजिक लाभों से अवगत कराएगा।



कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम उपभोक्ताओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उपभोक्ता अपने मकान की छत पर सौर पैनल स्थापित कर न केवल घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकते हैंए बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है जिससे यह योजना आमजन के लिए सरल, किफायती और लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता गुंजन शर्मा, कार्यपालन अभियंता रामकुमार राव, नरेंद्र नायक सहित बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### योजना के लाभ और सब्सिडी विवरण

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 30 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 15 हजार रुपए सब्सिडी प्रदान करती है। 2 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 240 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 60 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। 3 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 360 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 78 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। शेष राशि उपभोक्ता स्वयं वहन करेंगे, जिसे बैंक ऋण सुविधा के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है। योजना का लाभ पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से दिया जा रहा है।

# जिंदल फाउण्डेशन ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जिंदल पावर के जिप्ट सभागार एवं गारे पालमा माइंस परिक्षेत्र के सीएसआर कार्यालय में किया गया।

इस दौरान वात्सल्य परियोजना अंतर्गत 70 गांवों में कार्यरत 64 स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्वास्थ्य संगिनियों संस्थान में कार्यरत ठेका कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार, फस्ट एड के महत्व की विस्तृत जानकारी ओपी जिंदल हास्पिटल के विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्सक डा. अश्विनी पटेल एवं डा. सुजीत चक्रवर्ती ने जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वय ने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सही प्राथमिक उपचार देने की तकनीक समझाई, जिससे जीवन बचाया जा सकता है।




कार्यक्रम राजेश दुबे, उपाध्यक्ष, माइंस, ऋषिकेश शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष सीएसआर जेपीएल तमनार, प्रताप राउत, महाप्रबंधक, राजेश रावत, सहायक महाप्रबंधक, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रबंधक जेपीएल तमनार, स्वास्थ्य जागरूक नागरिक, कार्यरत कर्मचारी एवं स्वास्थ्य संगिनिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा में सीपीआर की ट्रेनिंग, जलने, कटने एवं दुर्घटना के दौरान तत्काल उपचार करने की विधि का जीवंत प्रदर्शन के साथ प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया साथ ही स्वास्थ्य संगिनियों एवं उपस्थित कर्मचारियों को फर्स्ट एड किट की अनिवार्यता और इसके उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राजेश रावत ने प्रथमतया कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य संगिनियों व कर्मचारियों को विश्व फस्टएड डे आयोजन के उपयोगिता, महत्ता एवं आवश्यकता पर परिचर्चा करते हुए इसे जानने एवं सीखने पर जोर दिया। उन्होंने आग्रह किया जिसके पास भी प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान हो आवश्यकता पड़ने पर सहयोग करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। ऋषिकेश शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है और लोग आपात स्थिति में दूसरों की मदद करने में सक्षम बनते हैं।

# अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ जांगड़े का भव्य स्वागत

**सरसीवा।** छग भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के सारंगढ़ बिलाइगढ़ जिला के सरसीवा नगर प्रथम आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया।

स्वागत उपरांत डॉ जांगड़े सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत छीन्द में भरत जाटवर के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां डॉ. सनम जागड़े को पुष्पहार पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया गया। डॉ. जांगड़े के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजन किये तत्पश्चात सारंगढ़ पहुंचने पर डां सनम जांगड़े के साथ संजय भूषण पाण्डेय जिलापंचायत अध्यक्ष भरत जाटवर भाजपा नेता, हरिनाथ खूटें, नगर मंडल अध्यक्ष जय केसरवानी, व भाजपा नेता देवेंद्र रात्रे, मीरा धरम जोल्हे, शिवकुमारी सारथन चौहान के साथ ही साथ अन्य भाजपा नेतासारंगढ़ के गुरु घासीदास पुष्प वाटिका में उनका आत्मीय स्वागत कियें। यहां डॉ. सनम जांगड़े ने बाबा गुरु घासीदास के जैतखंभ में मत्था टेक कर सारंगढ़ शहर के विकास और समृद्धि के लिए बाबा से गुरु घासीदास से प्रार्थना कियें। इस समय नृतक दल के द्वारा डॉ सनम जांगड़े का आतीशी भव्य स्वागत किया गया। गुरु घासीदास पुष्प वाटिका से प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े भाजपा जिला कार्यालय के लिए प्रस्थान किए।



### मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी ने मनाया युगलरूप प्रकट उत्सव

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर नगर के सर्व हिन्दू महिला समाज की संगठन मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा अग्रसेन भवन चंद्रपुर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ श्रीकृष्ण और राधा रानी का प्रकट उत्सव 12 सितंबर को मनाया गया। संगीत और भजनों के साथ एक दूसरे को बधाई लुटाते हुए दोनों युगल रूप का एक साथ प्रकट उत्सव मनाया गया। समूह में अपनी सहभागिता निभाते हुए प्रत्येक शुक्ल पक्ष के द्वादाशी को पुष्पवर्षा कराने वाले महराज लोकेश मिश्रा ने बताया यह उत्सव हमारे समाज को एकत्र करने का विशेष उत्सव है साथ ही जन जन तक हमारे संस्कृति को सरल रूप से पहुंचाने का उत्सव है। मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की अध्यक्षा श्रीमती रूपा सिंह देव और श्रीमती रीता साहू और मातृ शक्ति के सदस्यों ने अपने समूह में प्रस्ताव रखा है कि आने वाले पितृ पक्ष की अमावस्या को सार्वजनिक पितृ तर्पण का आयोजन करेंगे साथ आने वाले शरद पूर्णिमा को मातृशक्ति द्वारा रासोत्स्व मनाया जाएगा।



TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 932953742

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 26 अक्टूबर 2025, 08 नवंबर 2025, 07 दिसंबर 2025, 21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411